मुळा एज्युकेशन सोसायटी

कला, वाणिज्य व विज्ञान महाविद्यालय, सोनई

हिंदी विभाग

आयोजित

रक्षाबंधन कार्यक्रम

दिनांक- 12 अगस्त 2017

समय - सुबह ८.००

स्थान - हिंदी विभाग

महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा विद्यार्थीयों के लिए रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अब तक समाज में इस कार्यक्रम की ओर देखने का दृष्टिकोण परंपरा से भरा था। मात्र अब इसको पारंपारिक रुप से न देखते हुए आधुनिकता के साथ नये संदर्भो में स्वीकारने का आवाहन विभाग की अध्यक्षा डॉ. एस.बी. चौधारे जी ने किया।

समाज द्वारा अक्सर रक्षाबंधन जैसे अवसरों को मात्र भाई-बहन की संज्ञा में बांधने का प्रयास करता है। जिसके पीछे की धारणा बहन की सुरक्षितता की होती है। मात्र इन परिस्थितीयों में आ रही विसंगतियों को नारीवादी दृष्टिकोण से सामने रखने का काम डॉ. चौधारे एस.बी. ने किया। विभाग के छात्रों ने इस अवसर पर नई पहल करते हुए रक्षाबंधन जैसे कार्यक्रम को नए ढंग से मनाया। मात्र भाई-बहन जैसे रिश्तों से उपर उठकर सामाजिक दायित्वों को अपनाने की सोच रखते हुए न सिर्फ छात्रों को बल्कि छात्राओं को भी राखी बांधी गई। इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थीयों ने सामाजिक सरोकार रखने की प्रतिज्ञा के साथ ही विभाग की जिम्मेदारियां का निर्वाहन करने की भी प्रतिज्ञा की। कार्यक्रम के अवसर पर विभाग के अध्यापक प्रा. अमोल दहातोंडे भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का संचालन कु. काजोल वैरागर ने किया, तो आभार ज्ञापन कु.अर्सिया शेख ने किया।

कुछ क्षणचित्र